Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to provide better Internet facilities in rural areas in the country.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): सर, आपने मुझे ‘ज़ीरो ऑवर ’में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं । कोरोना की परिस्थिति में सभी स्कूल और कॉलेज के बच्चों की एजुकेशन ऑनलाइन हो रही है, अभी वे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी इंटरनेट की कमी होने के कारण, इंटरनेट का इश्यू होने के कारण बच्चों की एजुकेशन नहीं हो पा रही है और उनके एग्जाम्स नहीं हो पा रहे हैं । इसीलिए इस सन्दर्भ में मैंने कई बार कम्प्लेंट्स भी की हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है । मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि जितनी भी प्राइवेट कंपनीज हैं, जो इंटरनेट के क्षेत्र में काम कर रही हैं, उनको ग्रामीण क्षेत्र में काम करने के लिए कम्पलसरी-मैंडेटरी किया जाए और उसका डेटा सरकार की तरफ भी जाना जरूरी है, क्योंकि हम जब भी कम्प्लेंट करने जाते हैं, वहां सरकार की तरफ से कोई भी नोडल ऑफिसर नहीं होता है । प्राइवेट कंपनीज इसका फायदा उठा रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों तक इंटरनेट की फेसिलिटी नहीं पहुंच पा रही है । इसके साथ ही आज बैंक्स में भी इंटरनेट में काफी इश्यूज आ रहे हैं, जिसके कारण आज बहुत से लोग सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं । धन्यवाद ।